जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2024/479 **दिनांक 02.01.2024**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त/अशासकीय महाविद्यालय,

सम्बद्ध, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर(म०प्र०)

विषयः- उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश के डाटा में स्नातकोत्तर नियमित छात्र/छात्राओं द्वारा प्रवेश आवेदनों (नामांकन आवेदन) में गलत नामांकन नम्बर/बोर्ड प्रविष्ट किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः- उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक/327/46/सीसी/2023/अड़तीस/ भोपाल, दिनांक 17.05.2023

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ई-प्रवेश के माध्यम से प्रवेशित समस्त स्नातक एंव स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के छात्र/छात्राओं के नामांकन बिना किसी प्रपत्र के केवल ई-प्रवेश सूची अनुसार जनरेट किये जावेगें और जनरेट किये भी जा रहे हैं, जिसमें अधिकांशतः छात्र/छात्राओं के गलत नामांकन जरनेट हो रहे हैं। महाविद्यालय प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लें परीक्षा फार्म अप्रूवल करने से पहले एंव परीक्षा फार्म भरने से पूर्व जिन छात्र/छात्राओं के नामांकन गलत जनरेट हुये हैं उन समस्त छात्रों के सही नामांकन विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में जमा कर, नामांकन संशोधन करा लें। परीक्षा फार्म भरने के उपरांत नामांकन में संशोधन नही किया जा सकता है। इसके लिये छात्र स्वंय जिम्मेदार रहेगा।

आप समस्त महाविद्यालयों को पूर्व में भी विश्वविद्यालय पत्र क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोप०/287, दिनांक 07-12-2023 द्वारा यह सूचित किया गया था कि “मध्यप्रदेश के बोर्ड/विश्वविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं के नामांकन बिना किसी प्रपत्र के, उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल एंव जीवाजी एम.पी. ऑनलाईन की अप्रूव्ड सूची अनुसार जनरेट किये जावेगें। अतः आप यह पूर्णतः सुनिश्चित करें कि जिन छात्र/छात्राओं को उनके अघोषित अथवा प्रतीक्षारत् परीक्षा परिणाम के आधार पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अस्थाई प्रवेश (Provisional Admission) दिया गया है, वे समस्त छात्र/छात्रायें प्रवेशित पाठ्यक्रम की अर्हताकारी परीक्षा उत्तीर्ण हों, वहीं जीवाजी विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन फार्म में स्वंय का सही नामांकन दर्ज किया गया हो।” परन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा ऐसा नही किया जा रहा है और इसके कारण छात्र/छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अतः समस्त महाविद्यालय प्राचार्य इसके उपरांत भी यदि ऐसे छात्र/छात्रायें अर्हताकारी परीक्षा अनुत्तीर्ण होने पर भी परीक्षा फार्म भरते हैं अथवा परीक्षा में सम्मिलित होते हैं या गलत नामांकन क्रमांक जनरेट होकर, अंकसूची में प्रिन्ट होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र/छात्रा एंव प्राचार्य की ही होगी।

परीक्षा नियंत्रक
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रतिलिपिः-

०१. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, कार्यालय ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

०२. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

०३. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

०४. श्री संजय बरथरिया, आई.टी. सेल प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय की ओर ऑनलाईन फार्म उपलब्ध कराने हेतु सूचनार्थ।

सहा./उपकुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय)